Publication	Navbharat Times
Language/Frequency	Hindi/Daily
Page No	03
Date	1st Feb 2020

NBT नवभारत टाइम्स

'प्राइवेट ट्रेन के किराए में सीनियर सिटिजंस को दी जाए छूट'

आज पेश होगा रेलवे और आम बजट, गुड़गांव के लोगों को राहत की उम्मीद

■ **प्रमुख संवाददाता, गुड़गांव** : आज आने वाले बजट से गुड़गांव के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। हर वर्ग के लोगों ने इससे कुछ न कुछ आस लगा रखी है। नौकरीपेशा, व्यापारी, महिलाओं और रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े लोगों से बात की गई तो उन्होंने खुल कर अपनी बात रखी। सभी ने महंगाई, पढ़ाई और टैक्स में राहत मिलने की उम्मीद जताई है। सीनियर सिटिजंस ने प्राइवेट ट्रेनों में अपने लिए किराये में रियायत की मांग की है।

" इंडस्ट्री स्टेटस का अनुदान रीयल एस्टेट सेक्टर की लंबे समय से मांग रही है। इसे लागू किया जाता है तो यह सिस्टम के अंदर कम लागत के ऋणों को बढ़ाएगा और इसका लाभ ग्राहकों को दिया जा सकेगा। ***-संतोष अग्रवाल, सीएफओ, अल्फाकॉर्प***

" प्राइवेट ट्रेनों में सीनियर सिटिजंस को दूसरी ट्रेनों की तरह किराए में छूट नहीं दी जा रही है। उम्मीद है कि इस बजट में सरकार निजी ट्रेनों के किराए में छूट का प्रावधान करेगी। स्वास्थ्य सुविधाएं सस्ती होती हैं तो अच्छा होगा। ***-ओपी शर्मा, सीनियर सिटिजन फोरम***

एक्सपर्ट

" इनकम टैक्स में राहत मिलने की कम ही उम्मीद है। हालांकि, 5 से 10 लाख के बीच में एक और स्लैब बनाया जा सकता है। रियल एस्टेट, टेलिकॉम व ऑटो इंडस्ट्री के साथ अन्य इंडस्ट्री को लेकर बजट में कुछ अच्छी घोषणाएं होने की उम्मीद है ताकि मार्केट में तेजी आ सके। ***-मनीष सिन्हा, चार्टर्ड अकाउंटेंट***

" आम बजट हर तबके के लिए हितकारी होने की उम्मीद है। रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली चीजें सस्ती होनी चाहिए। देखना होगा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र पर कितना ध्यान देती है। सस्ती शिक्षा से ही देश तरक्की कर सकेगा। ***-डॉ. अनुभूति राहुल, समाजसेवी***

" एलपीजी समेत रसोई में इस्तेमाल होने वाले सामान के दाम आसमान छूते जा रहे हैं। उम्मीद है कि सरकार बजट में घरेलू उपयोग की चीजों की कीमतों को कम करेगी। महंगाई पर अंकुश लगाने वाले कदम उठाए जाने चाहिए।। ***-गीतिका गुप्ता, गृहणी***

" महंगाई से हर वर्ग परेशान है। कारोबार के हालात लंबे समय से अच्छे नहीं है। इस बार सरकार जीएसटी कम करने के साथ इसे और सरल करने के लिए कुछ कदम उठाए तो अच्छा होगा। इससे महंगाई में कमी आएगी।***-केएल पाहवा, व्यापारी***



" महंगाई दिनोंदिन बढ़ रही है। इससे नौकरीपेशा लोगों का बजट बिगड़ रहा है। आम बजट में जरूरी सामान के दाम सस्ते होने की उम्मीद है। टैक्स छूट के स्लैब में भी बदलाव किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवाओं में राहत की उम्मीद है। - ***तेविंद्र, नौकरीपेशा***